हिंदी का प्रगामी प्रयोग

13.1 कोयला मंत्रालय ने वर्ष 2013–14 के दौरान अपने सभी अधीनस्थ कार्यालय/सार्वजनिक क्षेत्र उपक्रमों तथा स्वाययत्तबशासी निकाय के साथ राजभाषा हिंदी के प्रगामी प्रयोग और उसके प्रचार–प्रसार तथा विकास के लिए प्रयास जारी रखे। यह मंत्रालय राजभाषा के प्रयोग को बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध है। राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय तथा संसदीय राजभाषा समिति से प्राप्त निर्देशों को नियमित रूप से मंत्रालय के अधिकारियों/अनुभागों तथा उसके प्रशासनिक नियंत्रणाधीन सभी अधीनस्थे कार्यालय ध् सार्वजनिक क्षेत्र उपक्रमों तथा स्वाचयत्त1शासी निकाय के बीच परिचालित किया जाता है ताकि संघ की राजभाषा नीति के सांविधिक प्रावधानों का कार्यान्वयन सुनिश्चित किया जा सके।

13.2 दिन प्रतिदिन के सरकारी कामकाज में राजभाषा हिंदी के प्रयोग को बढ़ावा देने के उद्देश्य से विभिन्न परिपत्र, आदेश तथा अपीलें नियमित रूप से जारी की गई हैं। हिंदी में टिप्पण तथा प्रारूप लेखन को सुविधाजनक बनाने के उद्देश्य से मंत्रालय के सभी अधिकारियों और अनुभागों को द्विभाषी मानक मसौदे, शब्देकोश, सहायक पुस्तयकें आदि वितरित की गई हैं। संघ की राजभाषा नीति के कार्यान्वकयन के लिए राजभाषा विभाग द्वारा वर्ष 2013–14 के वार्षिक कार्यक्रम की एक–एक प्रति मंत्रालय के सभी अधिकारियों तथा अनुभागों के साथ–साथ इसके नियंत्रणाधीन सभी अधीनस्थ कार्यालय/ सार्वजनिक क्षेत्र उपक्रमों तथा स्वामयत्तौशासी निकाय को संघ का सरकारी कामकाज हिंदी में करने के लिए निर्धारित लक्ष्योंव को प्राप्तं करने हेतु परिचालित की गई है।

13.3 कोयला मंत्रालय द्विभाषी सुविधाओं के साथ पूर्णतः कम्यूकी टरीकृत है। इसके अलावा, मंत्रालय की वेबसाइट द्विभाषी (हिंदी/अंग्रेजी) रूप में है और इसे समय–समय पर अद्यतन किया जाता है। इस मंत्रालय के प्रशासनिक नियंत्रणाधीन सभी अधीनस्थन कार्यालय/ सार्वजनिक क्षेत्र उपक्रमों तथा स्वातयत्तधशासी निकाय की वेबसाइटें भी द्विभाषी (हिंदीध्अंग्रेजी) रूप में हैं और इन्हेंर समय–समय पर अद्यतन किया जाता है।

13.4 मंत्रालय में राजभाषा कार्यान्वैयन समिति पहले से ही कार्य कर रही है। मंत्रालय में संयुक्तर सचिव (प्रशासन) की अध्यहक्षता में इस समिति की बैठकें नियमित रूप से आयोजित की जा रही हैं। इसके नियंत्रणाधीन अधीनस्थय कार्यालय/ सार्वजनिक क्षेत्र उपक्रमों तथा स्वाधयत्त शासी निकाय में भी ऐसी बैठकें नियमित रूप से आयोजित की जा रही हैं जिनमें सरकारी कामकाज में हिंदी के प्रगामी प्रयोग को बढ़ावा देने पर बल दिया जाता है।

13.5 मंत्रालय तथा इसके प्रशासनिक नियंत्रणाधीन सभी अधीनस्थि कार्यालय/सार्वजनिक क्षेत्र उपक्रमों तथा स्वा्यत्तशासी निकाय में सरकारी कामकाज में राजभाषा के बारे में जागरूकता लाने तथा उसके प्रयोग में वृद्धि करने के उद्देश्यक से सितम्बार 2013 के महीने में हिंदी पखवाड़ा आयोजित किया गया। पखवाड़े के अवसर पर प्रत्येबक श्रेणी के अधिकारियों तथा कर्मचारियों के लिए हिंदी नोटिंग, प्रारूप लेखन,

हिंदी निबंध आदि जैसे विभिन्नह हिंदी प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया।

13.6 हिंदी में कार्य करने में अधिकारियों और कर्मचारियों की झिझक को दूर करने के उद्देश्यओ से मंत्रालय समय–समय पर हिंदी कार्यशाला का आयोजन करता है। मंत्रालय हमेशा कर्मचारियों को नामित करके हिंदी शिक्षण योजना के तहत हिंदी भाषा, हिंदी आशुलेखन और हिंदी टंकण में प्रशिक्षण देने पर बल देता है। मंत्रालय ने अपने सभी अधीनस्थी कार्यालय ६ सार्वजनिक क्षेत्र उपक्रमों तथा स्वारयत्तभशासी निकाय को समय–समय पर हिंदी कार्यशाला का आयोजन करने के भी निदेश दिए हैं ताकि अधिकारी/कर्मचारी हिंदी में कार्य करने के लिए पूरी तरह से अभ्यहस्तक हो सकें।

13.7 सरकारी कामकाज में हिंदी के प्रयोग की स्थिंति का जायजा लेने और राजभाषा अधिनियम तथा उसके अंतर्गत बनाए गए नियमों का समुचित अनुपालन सुनिश्चितत करने और सरकारी कामकाज में राजभाषा अधिनियम के प्रभावी कार्यान्वथयन के संबंध में सुझाव देने हेतु संसदीय राजभाषा समिति की तीसरी उप–समिति ने मंत्रालय के प्रशासनिक नियंत्रणाधीन कुछ कार्यालयों का निरीक्षण किया।

13.8 माननीय कोयला मंत्री की अध्यनक्षता में मंत्रालय में गठित हिंदी सलाहकार समिति की बैठकें 17. 01.2013 को चेन्नई में तथा 03.09.2013 को नई दिल्लीक संपन्न7 हुई। इन बैठकों में उपस्थिषत सदस्यों ने संघ की राजभाषा नीति के कार्यान्वलयन की स्थ्तुिति के संबंध में खुलकर विचार रखे।